**दिनांक 13.03.2024 को श्रीमती गरिमा सिंह (भा.प्र.से.) उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति :- यथा पंजीनुसार

सर्वप्रथम उपायुक्त, लातेहार के द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बैठक में PPT के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

- स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत विशिष्ट चिकित्सकीय उपकरण एवं विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानो में आवश्यकता आधारित सामग्री/योजनाओं की सूची तैयार कर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार को अविलंब उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त, लातेहार द्वारा निदेशित किया गया। साथ ही जिन चिकित्सकीय उपकरणों व अन्य सोलर उपकरणों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

  **(अनुपालन : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार)**

- समीक्षा बैठक के क्रम में भवन निर्माण विभाग, लातेहार अन्तर्गत अभियन्ताओं के आवश्यकता अनुरूप नहीं रहने के कारण डी0एम0एफ0टी0, लातेहार अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने वाले योजनाओं का डीपीआर/प्राक्कलन तैयार करने हेतु एजेंसी का चयन कर डीपीआर/प्राक्कलन में 1% राशि को जोड़ने के प्रावधान को सम्मिलित कर प्राक्कलन/डीपीआर अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

  **(अनुपालन : कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार)**

- कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत डी0एम0एफ0टी0 मद से स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है उन योजनाओं का संवेदक के साथ एकरारनामा कर कार्य प्रारंभ करने हेतु निदेशित किया गया।

  **(अनुपालन : कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार)**

- जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार की बैठक में उपायुक्त, लातेहार ने सभी पदाधिकारी को खनन प्रभावित क्षेत्र अन्तर्गत PMKKKY मार्गदर्शिका के अनुरूप नये योजनाओं के संदर्भ में सुझाव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

  **(अनुपालन : सभी संबंधित पदाधिकारी, लातेहार जिला)**

- प्रखण्ड स्तरीय पलाश मार्ट का निर्माण डी0एम0एफ0टी0 मद कराने हेतु श्रम अधीक्षक, लातेहार को कार्यकारी एजेंसी मनोनीत किया गया था परन्तु समीक्षा बैठक के क्रम में उक्त योजना का निर्माण कार्य कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार से कराने

हेतु निदेशित किया गया। साथ ही कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार को पलाश मार्ट का प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार)**

➢ समीक्षा बैठक के क्रम में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से श्रम अधीक्षक, लातेहार को JSLPS से समन्वय स्थापित करते हुए सिलाई मशीन के स्थान पर नये रचनात्मक योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालन : श्रम अधीक्षक, लातेहार/JSLPS, लातेहार)**

➢ बैठक में उपायुक्त, लातेहार के द्वारा सभी कार्यकारी एजेंसी को यह निदेश दिया गया कि डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब एवं कार्य की प्रगति 0% (जीरो) नहीं हो, सुनिश्चित करेंगे। लम्बित योजनाओं में जिनका कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन योजनाओं का कार्य प्रारंभ कर तीव्र गति से करते हुए कार्य को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)**

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |

**ज्ञापांक....273..../डी0एम0एफ0टी0, दिनांक ...15.../...03.../2024**

**प्रतिलिपि :-** सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :-** सभी संबंधित पदाधिकारी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |